कम्युनलिजम वॉच

RAJIV GANDHI INSTITUTE FOR CONTEMPORARY STUDIES

खंड: 1, अंक-17 1 जुलाई - 31जुलाई, 2015

इस अंक में

सांप्रदायिक घटनाएं 2-8

सांप्रदायिक हिंसा और तनाव

- युवती के दूसरे समुदाय में शादी से सांप्रदायिक तनाव
- सामान्य विवाद बना सांप्रदायिक हिंसा का कारण
- पशु हत्या के विवाद में दुकानों में लगायी आग
- सहारनपुर में सफाई कर्मचारी की पिटाई के बाद सांप्रदायिक संघर्ष
- सामान्य विवाद के बाद सांप्रदायिक हिंसा
- मामूली विवाद में सांप्रदायिक हिंसा
- बंदायू में सामान्य विवाद में हिंसा
- पानी निकासी को लेकर सांप्रदायिक झड़प
- मुजफ्फरनगर दंगे के शरणार्थी को पीटा
- बस्ती में धार्मिक स्थल में तोड़-फोड़
- इलाहाबाद में युवक पर हमले के बाद तनाव
- बदायूं में धार्मिक स्थल को लेकर झड़प
- पीलीभीत में हिंसा
- रामपुर में सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ा
- बिजनौर में नमाज को लेकर मार-पीट
- बाराबंकी में दो समुदायों के बीच हिंसा
- शामली में पशु चोरी को लेकर हुआ तनाव
- मवेशी चारे के विवाद में हिंसा
- युवक की हत्या के जरिए सांप्रदायिक हिंसा की योजना
- सोशल साइट से तनाव (जौनपुर,मैनपुरी,मुरादाबाद,आजमगढ और आगरा)
- बिहार में आपसी मारपीट को सांप्रदायिक बनाने की कोशिश
- पलवल में हुई हिंसा में 40 से अधिक घायल
- आरएसएस की शाखा से तनाव बढा
- पुणे में हिंसा में हुआ पथराव
- छत्तीसगढ में अंतरधार्मिक शादी में झड़प के बाद कर्फ्यू
- हत्या की अफवाह के बाद तनाव
- खेल के विवाद ने सांप्रदायिक हिंसा का रूप लिया
- नासिक और अमरावती में हिंसा
- गुना में व्हाट्सएप संदेश से तनाव
- राजौरी में कर्फ्यू
- मधेपुरा में धार्मिक स्थल को लेकर फसाद
- बवाना में तनाव

सांप्रदायिक रणनीति 8-10

सांप्रदायिक संगठन

- कथित अपहरण के मामले को भाजपा ने दिया राजनीतिक रंग
- मंदिर पर पथराव की मनगढंत घटना से तनाव फैलाने का प्रयास
- हिंदू महासभा का इस्लाम मुक्त भारत अभियान
- आगरा में शुरू हुआ 'बेटी बचाओ और बहू लाओ'

शिक्षा का भगवाकरण

- वैदिक काल का पुर्नलेखन
- राजस्थान में आरएसएस संस्थापक की जीवनी पढाने का आदेश
- आरएसएस ने मदरसों की किताबों पर लगाया आरोप

अतिवादी लेखन

- आईआईटी, आईआईएम को बताया हिंदू विरोधी संस्थान

सांप्रदायिक कथन 10-11

- प्राची ने दिया भड़काऊ भाषण
- 2020 तक बन जाएगा हिंदू राष्ट्र: विहिप
- मुस्लिम नेताओं पर की आपत्तिजनक टिप्पणी

न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया 11

- जस्टिस जीबी शाह ने केस से किया खुद को अलग
- हिंदू महासभा के नेता गिरफ्तार
- विहिप नेता प्राची की गिरफ्तारी

कम्युनलिजम वॉच

खंड: 1, अंक-17 — 1 जुलाई - 31जुलाई, 2015

सांप्रदायिक घटनाएं

सांप्रदायिक हिंसा एवं तनाव

घटनाएं	सम्मिलित संगठन/ समूह	दिनांक और घटना स्थल
उत्तरप्रदेश में सांप्रदायिक घटनाओं में बढत **युवती के दूसरे समुदाय में शादी से सांप्रदायिक तनाव** बागपत में एक अल्पसंख्यक वर्ग की युवती ने धर्म परिवर्तन कर युवक से प्रेम विवाह कर लिया। इससे दो गांवों के बीच सांप्रदायिक तनाव की स्थिति बन गयी। http://www.jagran.com/uttar-pradesh/lucknow-city-12544234.html Date Accessed:1/7/2015	स्थानीय समुदाय	(तारीख अस्पष्ट) बागपत उत्तरप्रदेश
सामान्य विवाद बना सांप्रदायिक हिंसा का कारण बागपत के सिंघावली अहीर गांव में एक दुकानदार और ग्राहक के बीच बर्फ की कीमत को लेकर हुए विवाद ने सांप्रदायिक हिंसा का रूप ले लिया। मार-पीट और पथराव के दौरान कई लोग घायल हो गए, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी। http://www.jagran.com/news/state-12553289.html Date Accessed:2/7/2015	स्थानीय समुदाय	2/7/2015 बागपत
पशु हत्या के विवाद में दुकानों में लगायी आग महोबा के कुलपहाड़ में बछड़े की हत्या की घटना के बाद हिंदूवादी संगठनों ने बाजार बंद कराने की कोशिश की। व्यापारियों द्वारा बाजार बंद का विरोध करने पर भीड़ ने दुकानों में आग लगा दी। http://www.bhaskar.com/news-ht/UP-police-force-sent-after-spread-communal-tension-due-to-calf-killed-in-mahoba-5042353-PHO.html Date Accessed: 5/7/2015	हिंदूवादी संगठन	4/7/2015 महोबा
सहारनपुर में सफाई कर्मचारी की पिटाई के बाद सांप्रदायिक संघर्ष देवबंद के वाल्मीकि बस्ती में एक सफाई कर्मचारी की पिटाई के बाद इलाके में तनाव फैल गया। प्रशासन ने इस मामले में नामजद चार व्यक्तियों के अलावा 33 अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 307 और 7 क्रिमिनल लॉ एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। http://indiatoday.intoday.in/story/deoband-road-rage-saharanpur-valmiki-community-muslims-up-communal-clash/1/449239.html Date Accessed:5/7/2015	स्थानीय समुदाय	4/7/2015 सहारनपुर उत्तरप्रदेश

सामान्य विवाद के बाद सांप्रदायिक हिंसा कन्नौज में एक दुकान का किराया बढाने को लेकर हुए विवाद से सांप्रदायिक हिंसा शुरू हो गयी। फायरिंग के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गयी। इस घटना में भाजपा नेता सुब्रत पाठक और वीर सिंह भदौरिया को गिरफ्तार किया। भाजपा(युवा मोर्चा) के नेता छोटू यादव के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज किया गया है। http://hindi.news18.com/news/uttar-pradesh/lucknow/hindu-muslim-riot-in-kannauj-for-three-hundred-rupee-490142.html Date Accessed:8/7/2015	स्थानीय समुदाय, भाजपा, भाजपा (युवा मोर्चा)	5/7/2015 कन्नौज उत्तरप्रदेश
मामूली विवाद में सांप्रदायिक हिंसा मेरठ के कंकराखेड़ा गांव के पास ईंट से भरी ट्रैक्टर ट्राली रोक लेने पर विवाद शुरु हुआ। गांव में इसकी खबर फैलने पर दोनों समुदायों के बीच पथराव होने लगा। इस दौरान करीब 15 राउन्ड फायरिंग भी हुई। घटना के दौरान 12 से अधिक लोग घायल हो गए। http://rajasthanpatrika.patrika.com/story/state/clash-between-two-community-in-meerut-1216870.html Date Accessed:6/7/2015	स्थानीय समुदाय	5/7/2015 मेरठ उत्तरप्रदेश
बंदायू में सामान्य विवाद में हिंसा बदायूं के सैदपुर कस्बे में बच्चों में विवाद में कहा-सुनी के बाद हिंसा शुरू हो गयी। इससे दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। प्रशासन ने सांप्रदायिक विवाद की सूचना पर दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात कर दिया। http://www.jagran.com/uttar-pradesh/badaun-12585510.html Date Accessed: 11/7/2015	स्थानीय समुदाय	11/7/2015 बंदायू उत्तरप्रदेश
पानी निकासी को लेकर सांप्रदायिक झड़प मेरठ में जलभराव और पानी के निकासी को लेकर दो संप्रदायों के विवाद में झड़प हुई। पुलिस की मौजूदगी में हुई हिंसा में पथराव हुआ और लाठी-डंडे चले। http://www.jagran.com/uttar-pradesh/meerut-city-12590029.html Date Accessed: 13/7/2015	स्थानीय समुदाय	13/7/2015 मेरठ उत्तरप्रदेश
मुजफ्फरनगर दंगे के शरणार्थी को पीटा मेरठ में ईद के एक दिन पहले सांप्रदायिक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। सरूरपुर इलाके के पांचली बुजुर्ग गांव के पास मुजफ्फरनगर दंगे के शरणार्थी युवक से मार-पीट की गयी। इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने मेरठ-करनाल हाईवे पर जाम कर प्रदर्शन किया। http://www.jagran.com/uttar-pradesh/meerut-city-12613567.html Date Accessed :18/7/2015	सांप्रदायिक तत्व	17/7/2015 मेरठ उत्तरप्रदेश
बस्ती में धार्मिक स्थल में तोड़-फोड़ बस्ती के ग्राम पंचायत परिवारपुर में स्थित धार्मिक स्थल में तोड़-फोड़ की घटना के बाद इलाके में तनाव हो गया। विवाद बढने के बाद दोनों समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे के धार्मिक स्थलों को जाने वाला रास्ता बाधित किया। http://www.jagran.com/uttar-pradesh/basti-12619765.html Date Accessed:19/7/2015	स्थानीय समुदाय	18/7/2015 बस्ती उत्तरप्रदेश

इलाहाबाद में युवक पर हमले के बाद तनाव इलाहाबाद के सरायइनायत इलाके के एक गांव में ईद के मौके पर पुरखों की कब्र पर फातेहा पढ़ने जा रहे युवक की दूसरे समुदाय के लोगों से कहा-सुनी के बाद मारपीट हो गई। झगड़े के दौरान उस पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया। सांप्रदायिक टकराव की आशंका के बाद गांव में पुलिस बल की तैनाती की गई। http://www.amarujala.com/news/city/allahabad/fateha-are-going-to-read-the-young-man-attacked-four-arrested-hindi-news/ Date Accessed: 19/7/2015	स्थानीय समुदाय	18/7/2015 इलाहाबाद उत्तरप्रदेश
बदायूं में धार्मिक स्थल को लेकर झड़प बदायूं के मूसाझाग क्षेत्र के गांव मझारा में सांप्रदायिक तनाव हो गया। घटना एक विवादित धार्मिक स्थल पर कथित निर्माण को लेकर हुई। http://www.jagran.com/uttar-pradesh/badaun-12644976.html 24/7/2015	स्थानीय समुदाय	24/7/2015 बदायूं उत्तरप्रदेश
पीलीभीत में हिंसा पीलीभीत जिले के साहगढ़ गांव में मदरसे में जुमे की नमाज को लेकर दो समुदाय आपस में भिड़ गए और हिंसा होने लगी। दोनों तरफ से हुए पथराव और फायरिंग से तीन सिपाही समेत कई ग्रामीण घायल हो गए। http://timesofindia.indiatimes.com/city/bareilly/Clash-over-offering-of-namaz-at-madrassa/articleshow/48207736.cms Date Accessed: 24/7/2015	स्थानीय समुदाय	24/7/2015 पीलीभीत उत्तरप्रदेश
रामपुर में सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ा रामपुर के स्वार तहसील में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने एक धार्मिक स्थल के भीतर आग लगा दी। स्थानीय लोगों ने युवक को पकड़कर पिटाई कर दी और इसके बाद सांप्रदायिक तनाव भड़क गया। http://aajtak.intoday.in/story/communal-tension-in-rampur-four-policemen-wounded-1-824759.html Date Accessed:27/7/2015	स्थानीय समुदाय	25/7/2015 रामपुर उत्तरप्रदेश
बिजनौर में नमाज को लेकर मार-पीट बिजनौर के पाडली गांव के मदरसे में नमाज पढ़ने को लेकर हुए विवाद में दो संप्रदायों के बीच मारपीट हुई। http://www.jagran.com/uttar-pradesh/bijnor-12653584.html Date Accessed:26/7/2015	स्थानीय समुदाय	25/7/2015 बिजनौर उत्तरप्रदेश
बाराबंकी में दो समुदायों के बीच हिंसा बाराबंकी में बिजली का खंभा लगाने को लेकर दो समुदायों में हुए विवाद के बाद, एक महिला की मौत की अफवाह से स्थिति बिगड़ गयी। दोनों समुदायों के बीच जमकर मारपीट व पथराव हुआ जिसमें नौ लोग घायल हुए। http://www.jagran.com/uttar-pradesh/barabanki-12654126.html#sthash.EGRmTC11.dpuf Date Accessed: 27/7/2015	स्थानीय समुदाय	25/7/2015 बाराबंकी उत्तरप्रदेश

शामली में पशु चोरी को लेकर हुआ तनाव शामली के कैराना क्षेत्र में अज्ञात लोगों द्वारा सांड़ चुराने की खबर फैलने के बाद सांप्रदायिक माहौल बिगड़ गया। http://www.jagran.com/uttar-pradesh/shamli-city-12662845.html Date Accessed: 28/7/2015	स्थानीय समुदाय	27/7/2015 शामली उत्तरप्रदेश
मवेशी चारे के विवाद में हिंसा रामपुर के मिलक कोतवाली क्षेत्र के कूप गांव में दो समुदाय के बीच पशु चारे को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद में हुई फायरिंग में 15 साल के एक लड़के की मौत हो गयी और कई लोग घायल हुए। http://indiatoday.intoday.in/story/rampur-communal-clash-boy-succumbs-to-bullet-injuries/1/455062.html Date Accessed: 30/7/2015	स्थानीय समुदाय	29/7/2015 रामपुर उत्तरप्रदेश
युवक की हत्या के जरिए सांप्रदायिक हिंसा की योजना मेरठ में सतवीर कश्यप की चार हमलावरों ने हत्या कर दी थी। लोकल इंटेलिजेंस यूनिट के आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि हत्या के जरिए एक बार फिर से सांप्रदायिक हिंसा को भड़काना चाहते थे। http://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/others/stress-was-to-spread-murder/articleshow/47913643.cms Date Accessed: 3/7/2015	स्थानीय गुट	29/6/2015 मेरठ उत्तरप्रदेश
सोशल साइट से तनाव **जौनपुर** जौनपुर के मुफ्तीगंज बाजार में सोशलसाइट पर की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद उत्तेजित भीड़ ने हिंसक प्रदर्शन किया http://www.jagran.com/uttar-pradesh/lucknow-city-baval-on-facebook-wall-12589140.html Date Accessed: 12/7/2015 **मैनपुरी** मैनपुरी के बेवर कस्बे में फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने से सांप्रदायिक तनाव पैदा हो गया। इस मामले में एक युवक की गिरफ्तारी हुई। युवक की गिरफ्तारी के विरोध में बजरंग दल और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली में प्रदर्शन किया। http://www.amarujala.com/news/city/mainpuri/mainpuri-crime-news/beaver-objectionable-comments-on-facebook-stress-hindi-news/ Date Accessed: 22/7/2015		12/7/2015 जौनपुर 22/7/2015 मैनपुरी

मुरादाबाद मुरादाबाद में वॉट्सऐप पर आपत्तिजनक फोटो से सांप्रदायिक तनाव हुआ और भीड़ ने पुलिस स्टेशन पर पथराव किया। http://www.hindustantimes.com/india-news/whatsapp-message-triggers-communal-tension-up-s-moradabad/article1-1366078.aspx Date Accessed:5/7/2015 **आजमगढ और आगरा** आजमगढ़ और आगरा में सोशल मीडिया पर किए गए आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद सांप्रदायिक स्थिति बिगड़ गयी। http://www.bhaskar.com/news/UP-LUCK-communal-tension-increase-objectionable-comment-social-media-5047238-PHO.html Date Accessed: 12/7/2015	स्थानीय समुदाय	5/7/2015 मुरादाबाद 8/7/2015 आजमगढ, आगरा
बिहार में आपसी मारपीट को सांप्रदायिक बनाने की कोशिश बिहार के सारण में स्थित मिरचइया टोला में दो पक्षों के बीच हुई आपसी मारपीट को असामाजिक तत्वों ने सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया। इस प्रकरण में हुई हिंसा के बाद 12 से अधिक लोग घायल हुए। http://www.jagran.com/bihar/saran-12552555.html Date Accessed: 3/7/2015	स्थानीय समुदाय	2/7/2015 सारण बिहार
पलवल में हुई हिंसा में 40 से अधिक घायल पलवल के टीकरी ब्राह्मण गांव में दो समुदायों के बीच विवाद के बाद धार्मिक स्थलों पर पत्थरबाजी और फायरिंग शुरू हो गई। इस घटना में दोनों समुदायों के 40 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने 100 से अधिक लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया और 17 लोगों को गिरफ्तार किया। http://www.bhaskar.com/news/HAR-FAR-OMC-after-violence-raf-deployed-in-palval-village-5044508-PHO.html Date Accessed:8/7/2015	स्थानीय समुदाय	5/7/2015 पलवल हरियाणा
आरएसएस की शाखा से तनाव बढा उत्तर पूर्वी दिल्ली की श्री राम कालोनी में आरएसएस की स्थानीय इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम को लेकर दो समुदायों में तनाव बढा।इससे पहले जून में आरएसएस के कार्यक्रम से हुए तनाव के बाद क्षेत्र में पुलिस की निगरानी बढा दी गयी थी। http://www.outlookindia.com/news/article/communal-tension-in-north-east-delhi-colony/905319 Date Accessed: 4/7/2015	स्थानीय समुदाय	(तारीख अस्पष्ट) उत्तरपूर्वी दिल्ली
पुणे में हिंसा में हुआ पथराव पुणे के पार्वती क्षेत्र में मंगलवार रात दो समूह के लोगों के बीच पथराव होने से तनाव उत्पन्न हो गया।	स्थानीय समुदाय	7/7/2015 पुणे महाराष्ट्र

http://khabar.ndtv.com/news/india/stone-throwing-between-the-two-groups-in-pune-tensions-arose-779264 Date Accessed: 8/7/2015		
छतीसगढ में अंतरधार्मिक शादी में झड़प के बाद कर्फ्यू छतीसगढ़ के धमतरी जिले में 2 समुदायों के बीच झड़प होने के बाद शहर की दुकानों में तोड़फोड़ की गयी। विवाद के पीछे एक युवती का दूसरे धर्म के युवक से शादी करने मसला जुड़ा हुआ है। हिंसा को देखते हुए प्रशासन को इलाके में कर्फ्यू लागू करना पड़ा। http://abpnews.abplive.in/ind/2015/07/09/article644364.ece/Two-communities-clash-in-Cgarh Date Accessed: 9/7/2015	स्थानीय समुदाय	8/7/2015 धमतरी छतीसगढ
हत्या की अफवाह के बाद तनाव दिल्ली के मजनूं का टीला इलाके में एक युवक की हत्या की अफवाह फैलने के बाद दो समुदायों के बीच हुए पथराव से इलाके में तनाव हो गया। http://navbharattimes.indiatimes.com/metro/delhi/crime/stones-were-thrown-in-majnu-ka-teela-whole-night/articleshow/48050159.cms Date Accessed: 13/7/2015	स्थानीय समुदाय	12/7/2015 मजनूं का टीला दिल्ली
खेल के विवाद ने सांप्रदायिक हिंसा का रूप लिया कर्नाटक के बेलगाम में क्रिकेट के खेल में हुए विवाद ने सांप्रदायिक संघर्ष का रूप ले लिया। हिंसा के दौरान कई वाहन क्षतिग्रस्त हुए और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। http://www.newindianexpress.com/states/karnataka/Cricket-Quarrel-Turns-Into-Group-Clash/2015/07/14/article2919235.ece Date Accessed: 14/7/2015	स्थानीय समुदाय	13/7/2015 बेलगाम कर्नाटक
नासिक और अमरावती में हिंसा महाराष्ट्र में नासिक और अमरावती जिले में सांप्रदायिक हिंसा में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ पुलिस अफसरों समेत कई लोग घायल हो गए। http://www.bhaskar.com/news-ht/MH-MUM-OMC-two-riots-in-maharashtra-in-24-hours-5053202-NOR.html Date Accessed: 15/7/2015	स्थानीय समुदाय	14/7/2015 नासिक, अमरावती महाराष्ट्र
गुना में व्हाट्सएप संदेश से तनाव मध्यप्रदेश के गुना में ईद के दौरान व्हाटस् अप संदेशों से सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ गया। http://naidunia.jagran.com/madhya-pradesh/guna-guna-news-428352 Date Accessed: 20/7/2015	स्थानीय समुदाय	18/7/2015 गुना मध्यप्रदेश
राजौरी में कर्फ्यू जम्मू-कश्मीर के राजौरी में विश्व हिंदू परिषद् के कार्यकर्ताओं द्वारा आतंकी संगठन आईएसआईएस का झंडा जलाने के बाद फैले सांप्रदायिक तनाव के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया। एक समुदाय के लोगों का आरोप है कि जलाए गए झंडों पर धार्मिक लाइनें लिखी थीं।	विश्व हिंदू परिषद, स्थानीय समुदाय	21/7/2015 राजौरी जम्मू-कश्मीर

http://www.bhaskar.com/news-rec/JK-OMC-KAS-vhp-burns-isis-flags-curfew-imposed-in-rajouri-5060317-NOR.html Date Accessed: 22/7/2015		
मधेपुरा में धार्मिक स्थल को लेकर फसाद बिहार के मधेपुरा में धार्मिक स्थल की जमीन के विवाद में हुई मारपीट में आठ लोग जख्मी हो गए। http://www.jagran.com/bihar/madhepura-assult-in-land-dispute-of-a-shrine-tension-12636667.html#sthash.YbXkiKRH.dpuf Date Accessed: 23/7/2015	स्थानीय समुदाय	22/7/2015 मधेपुरा बिहार
बवाना में तनाव बवाना के हरेवली गांव में दो गुटों के झगड़ा दो समुदायों के बीच तनाव में बदल गया। हिंसा के दौरान दो युवकों को चाकू लगा और तीन पुलिसकर्मी घायल हुए। http://navbharattimes.indiatimes.com/metro/delhi/crime/police-injured-in-rescue-opration/articleshow/48234714.cms Date Accessed: 27/7/2015	स्थानीय समुदाय	26/7/2015 बवाना दिल्ली

सांप्रदायिक रणनीतियां

सांप्रदायिक संगठन

रणनीतियां	सम्मिलित संगठन
कथित अपहरण के मामले को भाजपा ने दिया राजनीतिक रंग बंगाल के मोगराघाट गांव में एक नाबालिग लड़की के अपहरण के कथित मामले को भाजपा सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास कर रही है। कई सांप्रदायिक दंगों के कारण मोगराघाट गांव में पहले से ही सांप्रदायिक स्थिति तनावपूर्ण बना हुआ है। http://navbharattimes.indiatimes.com/state/other-states/kolkata/bengal-beti-bachao-bjp-hindu-outfit-tussle-over-missing-girl-muslim-friend-see-more-at-http/indianexpress-com/article/india/india-others/bengal-beti-bachao-bjp-hindu-outfit-tussle-over-missing-girl-muslim-friend/articleshow/48133154.cms Date Accessed: 19/7/2015	भाजपा

मंदिर पर पथराव की मनगढंत घटना से तनाव फैलाने का प्रयास हुबली में हिंदुत्ववादी संगठनों ने एक मंदिर पर पथराव की कथित घटना पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिससे क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनने लगी। पुलिस की जांच में किसी साजिश की बात नहीं पायी गयी। http://www.thehindu.com/news/national/karnataka/activists-protest-in-hubballi-after-alleged-temple-stonepelting-incident/article7399600.ece Date Accessed: 8/7/2015	हिंदुत्ववादी संगठन
हिंदू महासभा का इस्लाम मुक्त भारत अभियान बनारस में अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने ज्ञानवापी मस्जिद के पास एक मंदिर में 'जलाभिषेक' के लिए कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया। इस कार्यक्रम के लिए बनारस में लगे पोस्टर और बैनरों पर उत्तेजक नारे लिखे गए हैं, 'चलो काशी, इस्लाम मुक्त भारत हमारी जिद है, हमारा अधिकार है, खून से तिलक करो-गोलियों से आरती, काशी विश्वनाथ में नमाज नहीं अब गूंजेगा केवल...।' http://indianexpress.com/article/cities/lucknow/varanasi-hindu-mahasabha-calls-for-jalabhishek-at-disputed-site-near-gyanvapi-masjid/ Date Accessed: 29/7/2015	हिंदू महासभा
आगरा में शुरू हुआ 'बेटी बचाओ और बहू लाओ' बजरंग दल ने आगरा में अपने उग्र राजनीतिक कार्यक्म 'बेटी बचाओ और बहू लाओ' अभियान की शुरूआत की और पर्चे छपवाकर स्कूली छात्राओं के बीच बांटा। http://abpnews.abplive.in/ind/2015/07/21/article657162.ece/love-jihad Date Accessed: 21/7/2015	बजरंग दल
शिक्षा का भगवाकरण	
वैदिक काल का पुर्नलेखन वैदिक काल का वास्तविक समय जानने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसे महर्षि संदीपन राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन और दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग आयोजित कर रहे हैं, जिसमें आर्य समाज और सनातन धर्म भी शामिल होंगे। http://www.dnaindia.com/india/report-hrd-ministry-wants-to-rewrite-vedic-chronology-2102608 Date Accessed: 8/7/2015	मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उज्जैन विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, महर्षि संदीपन राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, आर्य समाज, सनातन धर्म, अन्य संस्थाएं और संगठन
राजस्थान में आरएसएस संस्थापक की जीवनी पढाने का आदेश राजस्थान में कॉलेज निदेशालय ने आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार की पुस्तकें पढ़ाने का निर्णय लिया है। राकेश सिन्हा की लिखी किताब "आधुनिक भारत के निर्माता- डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार' सभी कॉलेजों की लाइब्रेरी में रखी जाएगी। कॉलेज शिक्षा के संयुक्त निदेशक (अकादमी) डॉ. आरएस विजयवर्गीय ने नौ जुलाई को पुस्तक खरीदने के लिए सभी कॉलेजों के प्रिंसिपल को आदेश जारी किया।	राजस्थान कॉलेज निदेशालय

http://www.bhaskar.com/news/RAJ-AJM-OMC-students-read-books-of-union-founder-hedgewar-5050030-NOR.html Date Accessed: 12/7/2015	
आरएसएस ने मदरसों की किताबों पर लगाया आरोप शिक्षा के राजनीतिकरण को एक नया विवाद देते हुए आरएसएस ने पश्चिम बंगाल के मदरसों पर आरोप लगाया है कि मदसरों में अधूरा इतिहास पढाया जा रहा है जिसकी शुरूआत मुस्लिम काल से होती है। मदरसा एडुकेशन बोर्ड ने आरोपों को नकारते हुए कहा है कि मदरसों में माध्यमिक बोर्ड के लिए तय पाठ्यक्रम ही पढाया जाता है। http://www.hindustantimes.com/kolkata/rss-move-against-madrasas-claim-they-teach-incomplete-history/article1-1370422.aspx Date Accessed: 18/7/2015	राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ
अतिवादी लेखन	
आईआईटी, आईआईएम को बताया हिंदू विरोधी संस्थान आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर के एक लेख में कहा गया है कि आईआईटी, आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थान भारत विरोधी और हिंदू विरोधी गतिविधियों का स्थान बन गए हैं। http://navbharattimes.indiatimes.com/india/iit-used-in-the-anti-work/articleshow/48136265.cms Date Accessed: 20/7/2015	आर्गेनाइजर

सांप्रदायिक कथन	
प्राची ने दिया भड़काऊ भाषण भाजपा नेता प्राची ने मुस्लिमों के खिलाफ भड़काऊ बयान देते हुए कहा है, 'अगर अमरनाथ जाने वाले तीर्थ यात्रियों को इस बार कोई खतरा हुआ तो इसका खामियाजा हज यात्रियों को भी भुगतना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा, 'ये हमले अमरनाथ, वैष्णो देवी और कैलाश मानसरोवर यात्रियों पर ही क्यों होते हैं, हज करने वालों पर क्यों नहीं।' http://aajtak.intoday.in/story/if-amarnath-pilgrims-attacked-haj-pilgrims-will-have-to-bear-says-sadhvi-prachi-1-820407.html Date Accessed: 1/7/2015	भारतीय जनता पार्टी
2020 तक बन जाएगा हिंदू राष्ट्र: विहिप विहिप नेता अशोक सिंहल ने राजनीतिक विवाद के लिए बयान देते हुए कहा,' साई बाबा आश्रम में साई बाबा ने मुझसे कहा था कि वर्ष 2020 तक संपूर्ण देश हिंदू राष्ट्र होगा और पूरी दुनिया 2030 तक हिंदू हो जाएगी।' http://www.ndtv.com/india-news/india-will-be-hindu-nation-by-2020-says-vhp-leader-782778 Date Accessed: 18/7/2015	विश्व हिंदू परिषद
मुस्लिम नेताओं पर की आपत्तिजनक टिप्पणी विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त सचिव सुरेन्द्र कुमार जैन ने मुस्लिम नेताओं पर विवादित टिप्पणी में	विश्व हिंदू परिषद

कहा है ,'कुछ राजनीतिक दलों के मुस्लिम नेता आतंकवादियों के सलाहकार की तरह पेश आ रहे हैं।' http://articles.economictimes.indiatimes.com/2015-07-25/news/64850372_1_ghar-wapsi-mentors-vhp Date Accessed: 25/7/2015	

न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया

जस्टिस जीबी शाह ने केस से किया खुद को अलग

गुजरात हाई कोर्ट की डिविजन बेंच के जस्टिस एमआर शाह और केएस झावेरी ने 2002 में हुए नरोदा पाटिया दंगे के केस की सुनवाई करने से इनकार कर दिया। जज ने कहा, 'एक आरोपी ने मेरे एक सहयोगी से संपर्क करने की कोशिश की। डिविजन बेंच ने इस मामले को किसी ऐसी जगह स्थानांतरित करने का आदेश दिया है, जहां उनमें से कोई भी सदस्य न हो। जस्टिस जीबी शाह के इस केस से खुद को अलग करने के बाद मामले की रोजाना सुनवाई का फैसला किया गया। हाई कोर्ट ने जस्टिस एमआर शाह के नेतृत्व में एक नई डिविजन बेंच का गठन किया है।

http://www.thehindu.com/news/cities/Delhi/hc-bench-recuses-from-riots-case/article7426970.ece
Date Accessed:16/3/2015

हिंदू महासभा के नेता गिरफ्तार

हिंदू महासभा के नेता धर्मपाल सिवाच और रमेश पन्नो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।यह गिरफ्तारी बंधुआ मुक्ति मोर्चा की शिकायत पर की गयी है जिसमें कहा गया था कि हिंदू महासभा के नेताओं ने स्वामी अग्निवेश का सिर काटकर लाने वाले को पांच लाख रूपए देने की घोषणा की है।

http://www.business-standard.com/article/pti-stories/hindu-mahasabha-leaders-booked-for-announcing-rs-5l-reward-for-115070901306_1.html
Date Accessed:9/3/2015

विहिप नेता प्राची की गिरफ्तारी

विश्व हिन्दू परिषद की नेता प्राची को बरेली के शेरगढ़ क्षेत्र में गिरफ्तार किया गया। विहिप नेता प्राची प्रतिबंधित महापंचायत में हिस्सा लेने के लिए जा रही थीं। प्रशासन ने प्राची की गिरफ्तारी के कुछ देर बाद बरेली की सीमा के बाहर छोड़ दिया।

http://indianexpress.com/article/india/india-others/hindutva-leader-sadhvi-prachi-arrested-for-defying-orders/
Date Accessed:27/3/2015